यूरिया नहीं मिलने से परेशान किसान पेड़ पर चढ़ा

खाद की ई-टोकन व्यवस्था फेल, किसानों की परेशानी बढ़ी

सिलवानी, 21 जनवरी. किसानों को खाद के लिए लंबी लाइनों से राहत दिलाने के उद्देश्य से लागू की गई ई-टोकन व्यवस्था अब किसानों के लिए नई मुसीबत बनती नजर आ रही है. सिलवानी क्षेत्र में किसान खाद, विशेषकर यूरिया के लिए भटकने को मजबूर हैं. सीजन के अंत में डिजिटल व्यवस्था लागू होने से किसानों की समस्याएं और बढ़ गई हैं.

आईडी और ओटीपी बनी बड़ी समस्या: ई-टोकन जनरेट कराने में किसानों को कई तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. कई किसानों की आईडी ही नहीं बन पा रही

कई को ओटीपी नहीं मिल रहा. यूरिया के अलावा अन्य खाद के लिए पोर्टल पर कोई विकल्प नहीं जिन किसानों के पास स्मार्टफोन नहीं है, उन्हें कियोस्क सेंटर पर निर्भर रहना पड़ रहा है.

पोर्टल की खामियों से लिए परेशानी का कारण बन गई है. किसानों का कहना है कि जब वे रात-रात भर लाइन में लगते थे, तब यह व्यवस्था क्यों नहीं लाई गई.

किसान नाराज: हालांकि खाद वितरण केंद्रों पर भीड़ पहले से कम है, लेकिन पारदर्शिता और सुविधा के उद्देश्य से लागू की गई ई-टोकन व्यवस्था किसानों के

किसान ने उठाया आत्मघाती कदम

बुधवार को सिलवानी नगर के बरेली रोड स्थित सुंदरम वेयरहाउस पर उस समय हड़कंप मच गया, जब यूरिया न मिलने से परेशान एक किसान रस्सी लेकर पेड़ पर चढ़ गया. जानकारी के अनुसार, ग्राम चुन्हेटिया निवासी चंद्रभान सिंह राजपूत पिता सुंदर सिंह राजपूत पिछले तीन दिनों से यूरिया के लिए वेयरहाउस के चक्कर लगा रहे थे. खाद नहीं मिलने से आहत होकर उन्होंने यह कदम उठा लिया. घटना की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार गौरव शुक्ला एवं टीआई पूनम सविता मौके पर पहुंचीं और किसान को समझा-बुझाकर नीचे उतारा. अधिकारियों ने किसान को शीघ्र यूरिया उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया. ऑनलाइन टोकन व्यवस्था लागू होने के बाद भी किसानों को समय पर यूरिया नहीं मिल पा रहा है. कई किसानों को लगातार कई दिनों तक वेयरहाउस के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे उनमें भारी आक्रोश और निराशा देखी जा रही है.

सीजन के अंत में लागू हुई व्यवस्था बनी सिरदर्द

किसानों का कहना है कि जब खाद की सबसे अधिक जरूरत थी, तब ई-टोकन व्यवस्था लागू नहीं की गई. अब जब फसल का सीजन लगभग समाप्ति की ओर है, तब यह व्यवस्था लागू कर दी गई, जिससे किसानों को साइबर कैफे और एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं.

किसान कांग्रेस ने निकाली किसान जनआंदोलन यात्रा

▸ दूसरे चरण में कई गांवों में पहुंची यात्रा, चौपाल और सभाएं हुईं

बेगमगंज, 21 जनवरी. न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), खाद-बीज की किल्लत और खेती की लगातार बढ़ती लागत के विरोध में बुधवार को किसान कांग्रेस के नेतृत्व में विशाल किसान जनआंदोलन यात्रा निकाली गई, जो नया बस स्टैंड से शुरू होकर दूसरे चरण में कई गांवों तक पहुंची. यात्रा के दौरान गांव-गांव चौपालों और सभाओं के माध्यम से किसानों से सीधा संवाद किया गया. बुधवार को दूसरे दिन जनआंदोलन यात्रा टेकापार, रतनहारी, देहगांव, जसरथी, घाना कस्बा और सुल्तानगंज पहुंची.

जहां बड़ी संख्या में किसानों ने सरकार के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की. किसानों ने एक स्वर में कहा कि आज खेती मुनाफे का नहीं बल्कि घाटे का सौदा बन चुकी है. विधायक व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार किसानों के साथ छलावा कर रही है. खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन समर्थन मूल्य उस अनुपात में नहीं बढ़ाया जा रहा. उन्होंने कहा कि खाद, बीज, डीजल और बिजली के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे किसान कर्ज और संकट में डूबता जा रहा है. किसान कांग्रेस के

जिलाध्यक्ष रणजीत ठाकुर ने सरकार से मांग की कि गेहूं और धान का एमएसपी 4000 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन का 6000 रुपये, चना का 8000 रुपये, मक्का का 3000 रुपये प्रति क्विंटल तय किया जाए. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एमएसपी पर खरीदी सुनिश्चित नहीं हुई तो किसान सड़क से लेकर विधानसभा तक संघर्ष करेंगे. जनांदोलन यात्रा के संयोजक आदिवासी नेता राजा धर्मवीर सिंह ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिलना सबसे बड़ा अन्याय है. नकली खाद-बीज पर सख्त कानून बनाया जाए, समय पर खाद की उपलब्धता हो, भूमि अधिग्रहण में चार गुना मुआवजा मिले और किसानों पर दर्ज झूठे बिजली प्रकरण तत्काल बंद किए जाए. वरिष्ठ इंका नेता राजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि यह क्षेत्र पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का संसदीय क्षेत्र है, बावजूद इसके किसानों को अपनी उपज का सही दाम नहीं मिल पा रहा.

> भाजपा सरकार किसानों को ठगने का काम कर रही है. अगर सरकार ने अब भी किसानों की आवाज नहीं सुनी तो आंदोलन और व्यापक रूप लेगा. बताया गया कि जनआंदोलन यात्रा देर शाम सिलवानी तहसील में प्रवेश कर ग्राम छींद में विश्राम करेगी. यात्रा में बड़ी संख्या में किसान, कांग्रेस पदाधिकारी और ग्रामीण शामिल रहे. आंदोलन में किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह ठाकुर, वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह तोमर, यात्रा प्रभारी विजय पहलवान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, नगर व ग्रामीण अध्यक्ष, प्रकाश पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे.

नगर परिषद में कर्मचारी संघ की इकाई का गठन

▸ कर्मचारियों के हितों को लेकर हुई विस्तृत चर्चा

सिलवानी, 21 जनवरी. मध्य प्रदेश नगर निगम-नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सोलंकी के निर्देशानुसार तथा ऋषिकांत यादव, सीएमओ की उपस्थिति में नगर परिषद सिलवानी में कर्मचारी संघ की इकाई का विधिवत गठन किया.

इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और एकजुटता पर विशेष बल दिया. उन्होंने इकाई गठन के उद्देश्य और उसके महत्व को स्पष्ट करते हुए कहा कि कर्मचारी संघ कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा, उनकी

समस्याओं के समाधान तथा जायज मांगों को संगठित एवं प्रभावी ढंग से शासन एवं प्रशासन के समक्ष रखने का सशक्त माध्यम है. बैठक के दौरान कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई. सितंबर 2016 से पूर्व नियुक्त दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के विनियमितकरण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया. कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं एवं अपेक्षाएं प्रांतीय अध्यक्ष के समक्ष रखीं, जिस पर उन्होंने उचित स्तर पर ठोस प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया. कार्यक्रम का समापन कर्मचारियों की एकजुटता बनाए रखने, संगठन को और अधिक सशक्त करने तथा कर्मचारियों के हितों की रक्षा के संकल्प के साथ किया गया. साथ ही सिलवानी कर्मचारी संघ इकाई की रूपरेखा भी तैयार की गई.

बीएलओ की समस्याओं के निराकरण की मांग

बेगमगंज, 21 जनवरी. राज्य शिक्षक संघ ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 143 सिलवानी को सौंपा.

राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव सत्येंद्र गौर ने बताया है कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी (तार्किक विसंगति) वाले मतदाताओं को नोटिस देकर की जाने वाली सुनवाई स्थगित की जाए. 143 सिलवानी विधानसभा क्षेत्र के समस्त बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर समस्त मतदाताओं के दस्तावेजों के साथ प्रमाणीकरण किया जाकर त्रुटियों का निराकरण किया गया था. प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात से बीएलओ ग्रुप पर प्राप्त संदेश के अनुसार लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी बाले मतदाताओं को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया बताई गई है जिसका राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश घोर विरोध करता है 3 माह से हम सभी बीएलओ शिक्षक होकर फील्ड में रहकर निरंतर एसआईआर का कार्य कर रहे हैं. जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है साथ ही हम सभी बीएलओ को ई-अटेंडेंस से मुक्त नहीं किया गया है संघ ने मांग की है कि लंबित बीएलओ मानदेय का तत्काल भुगतान किया जाए.

श्री रामदेव सेवा दल समिति की पदयात्रा का स्वागत

सलामतपुर, 21 जनवरी. भगवान श्री रामदेव सेवा दल समिति भोपाल के तत्वावधान में मंगलवार को भोपाल के गणेश मंदिर छोला नाका से झंडा लेकर निकाली गई. पदयात्रा मंगलवार शाम करीब 7 बजे दीवानगंज के ढोलाघाट मंदिर पहुंची. यहां ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं द्वारा पदयात्रा का ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया. उल्लेखनीय है कि यह पदयात्रा भगवान श्री रामदेव मंदिर, गंजबासौदा (जिला विदिशा) तक जाएगी. यह परंपरागत पदयात्रा पिछले लगभग 15 वर्षों से प्रतिवर्ष निकाली जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था के साथ सहभागी बनते हैं. पदयात्रा 23 जनवरी, बसंत पंचमी के दिन गंज बासौदा पहुँचेगी, जहाँ धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा.

ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अभियान सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न

सिलवानी. मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सिलवानी की नवांकुर संस्था सत्यार्थ वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत सेक्टर-4 स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर सिलवानी में किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ सत्यार्थ फाउंडेशन के सदस्य विजय सोनी एवं विद्यालय के प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया. इस अवसर पर विजय सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि अभ्युदय का अर्थ परिवर्तन होता है. हमें अपने ग्रामों में विकास कार्यों के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन लाना होगा.

हॉकी स्पर्धा में दूसरे दिन खेले गए 3 मुकाबले

देवरी, 21 जनवरी. शहीद प्रकाश गुप्ता की स्मृति में नगर देवरी के शहीद प्रकाश स्टेडियम में आयोजित 49वीं अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन कुल तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए. पहला मैच सिवनी एवं उदयपुरा के मध्य खेला गया, जिसमें सिवनी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उदयपुरा को 5-1 गोल से पराजित कर जीत दर्ज की. दूसरा मुकाबला मंडीदीप और डोंगरी (महाराष्ट्र) के बीच हुआ.

इस मैच में मंडीदीप की टीम ने कड़ा संघर्ष करते हुए डोंगरी को 3-2 गोल से हराकर विजय प्राप्त की. तीसरा मैच बरेली और हरियाणा के करनाल के बीच खेला गया, जिसमें करनाल की टीम ने 4-2 गोल से बरेली को पराजित कर जीत अपने नाम की. नगर देवरी के शहीद प्रकाश स्टेडियम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हॉकी प्रतियोगिता का महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है.

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 24 जनवरी को खेला जाएगा. इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों एवं जिलों की राष्ट्रीय स्तर की टीमें भाग ले रही हैं. प्रतियोगिता में केरल, हरियाणा (करनाल), दुर्ग (छत्तीसगढ़), रायपुर, सिवनी, सागर, उमरिया, शहडोल, डोंगरी, अमरावती, जबलपुर, भोपाल, भुसावल, झांसी, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) एवं नरसिंहपुर सहित अनेक स्थानों की टीमें शामिल हैं.

> प्रतियोगिता की विजेता टीम को 51 हजार रुपये नकद एवं शील्ड, जबकि उपविजेता टीम को 30 हजार रुपये नकद एवं शील्ड प्रदान की जाएगी. प्रतियोगिता के आयोजन से नगर एवं क्षेत्र में खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र रघुवंशी, सैयद खालिद, पीयूष मास्टर, संजय चौरसिया, आरिफ अली, पप्पू रघुवंशी, अयाज खान, सहित कमेंटेटर खलीक नाना, अनिल पुरोहित, जियाउर रहमान, जाहिद अली, मनोज एवं आयोजन समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे.

एसआईआर : मतदाताओं को आपत्ति में बताया गायब

अदनान खान, नवभारत

सलामतपुर, 21 जनवरी. स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में नए नाम जुड़वाने, ड्राफ्ट रोल में शामिल मतदाताओं के नामों पर आपत्ति गुरुवार तक ली जाएंगी.

इसके एक दिन पहले सुनारी सलामतपुर पंचायत में एक आपत्ति की वजह से क्षेत्र के डेढ़ सौ से अधिक मतदाताओं में परेशान होना पड़ा, दरअसल अचानक इतने अधिक मतदाताओं के नाम पर आई आपत्ति के बाद मतदाताओं में हड़कंप मच गया. हालांकि बाद में सामने आए आपत्तिकर्ता ने इसे झूठी आपत्ति बताया. बावजूद इसके बीएलओ ने आपत्ति वाले मतदाताओं ने दस्तावेज लेकर उनको दोबारा से वेरिफिकेशन किया है. हालांकि इसके पहले भी बीएलओ ने घर-घर जाकर गणना पत्रक दिए और उन मतदाताओं की मैपिंग की थी. इस आपत्ति में जन्म से यहां रहने वाले मतदाताओं को बाहरी बताया गया, जिसमें सुनारी सलामतपुर पंचायत के पूर्व उपसरपंच हमजा

150 मतदाताओं का बीएलओ ने किया था वेरिफिकेशन

राजनैतिक लाभ के लिए लगाई आपत्तियां

पूरे परिवार को सलामतपुर से आपत्ति में गायब बता दिया गया है. जबकि बीएलओ ने मेरे घर पर आकर गणना पत्रक भरा था. वेरिफिकेशन के बाद मैपिंग भी की थी. जांच में आपत्तियां झूठी निकली. एसआईआर में दावे आपत्ति के आखरी दिन झूठी आपत्तियां लगाकर धर्म विशेष के लोगों को परेशान किया जा रहा है. **हमजा जाफरी,** पूर्व उपसरपंच सुनारी

जफरी और सलामतपुर में रहने वाले जिला सहकारी बैंक सांची के मैनेजर इमरान जाफरी को भी बाहरी बता दिया गया. बुधवार को जब सभी मतदाताओं को एसआईआर में झूठी और फर्जी आपत्ति की जानकारी मिली तो सभी एकत्रित होकर हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंच गए. यहां पर बीएलओ ने सभी मतदाताओं से पंचनामा फार्म पर पांच गवाहों के हस्ताक्षर कराने के बाद आधार कार्ड और समग्र आईडी की कॉपी लेकर फार्म को कम्प्लीट किया.

सांची विधानसभा क्षेत्र 142 के सुनारी सलामतपुर पोलिंग बूथ नंबर 29, 30, 31 और 32 में करीब 150 मतदाताओं को यहां निवास नही करने और बाहरी बताकर झूठी आपत्ति दर्ज कराई.

> मेरे नाम से किसी अज्ञात व्यक्ति ने सांची विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 142 के मतदान केंद्र 30, 31 और 32 में 101 एसआईआर मैपिंग वाले मतदाताओं पर झूठी आपत्तियां लगाई हैं. जबकि आपत्ति फार्म पर किये गए हस्ताक्षर भी मेरे नही है. मेने बीएलओ को लिखित में दिया है कि मैंने कोई भी आपत्तियां नही लगाई हैं. और जिसने भी झूठी आपत्तियां लगाई हैं. उसकी जांच कर कार्रवाई होना चाहिए. **सोनू मालवीय,** सलामतपुर.

> मतदान केंद्र 29, 30, 31 और 32 में एसआईआर मैपिंग वाले मतदाताओं के नाम पर लगभग 146 आपत्तियां आई थीं. इनमें से ज्यादातर झूठी पाई गईं. सभी मतदाताओं से पंचनामा फार्म 5 गवाहों के हस्ताक्षर करा के लिए हैं. वहीं जिसके नाम से आपत्तियां लगाई गईं थी. उसने लिखित में बताया कि उसके नाम से किसी ने झूठी आपत्तियां लगाई हैं. **मुकेश मालवीय,** बीएलओ बूथ नंबर-30

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
क.रा.बी.नि.
E.S.I.C.

कुछ अवसर,
नहीं आते लौटकर

नियोक्ता और कर्मचारी पंजीकरण प्रोत्साहन योजना

SPREE 2025

आज ही ईएसआई योजना में शामिल हों और अपने कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करें।

अंतिम तिथि: 31 जनवरी, 2026
अभी पंजीकरण करें और
जुर्माने एवं कानूनी कार्रवाई से बचें

तुरंत पंजीकरण करें यह अनिवार्य है, नहीं तो...

- पूर्व रिकॉर्ड की मांग की जाएगी और निरीक्षण किया जाएगा
- पिछले अंशदान की मांग की जाएगी
- ब्याज एवं जुर्माना लगाया जाएगा
- पिछले गैर अनुपालन के लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी
- पंजीकरण से कर्मचारियों को पूर्ण सामाजिक सुरक्षा लाभ मिलेंगे

पंजीकरण कौन कर सकता है?

- 10 या अधिक कर्मचारियों वाले नियोक्ता जो अभी तक ESI योजना के तहत पंजीकृत नहीं हैं
- ऐसे नियोक्ता, जिन्होंने सभी पात्र कर्मचारियों को ESI योजना के तहत नामांकित नहीं किया है

सशक्त कारोबार, सुरक्षित कामगार, विकसित भारत का आधार

डिजिटल पंजीकरण करें
ईएसआईसी । श्रम सुविधा पोर्टल । एमसीए पोर्टल

अधिक जानकारी के लिए https://www.esic.gov.in देखें
या टोल-फ्री नंबर 1800-11-2526 पर कॉल करें

विस्तृत विवरण के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें